# PTET
## 2019 सॉल्ड पेपर
## PDF डाउनलोड


- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

लाइव क्लासेज
सभी प्रश्नोत्तरी PDF
Click Here डाउनलोड

राजस्थान GK नोट्स
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

# PTET-2019 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

[स्मृति पर आधारित]

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

**1. 63 : 21 :: 27 : ?**
(1) 6 (2) 9
(3) 3 (4) 1 **(2)**

**हल:** $\frac{63}{3} = 21 \Rightarrow \frac{27}{3} = 9$

**2. 9 : 24 :: ? : 6**
(1) 1 (2) 5
(3) 3 (4) 2 **(3)**

**हल:** $9\times3-3=24 \therefore 3\times3-3=6$

**3. चाय : कप :: तम्बाकू : ?**
(1) पत्तियाँ (2) गिलास
(3) जहर (4) सिगार **(4)**

**4. पिच का क्रिकेट से वो ही सम्बन्ध है, जो अखाड़ा का ......... से है।**
(1) टैनिस (2) गिलास
(3) बैडमिंटन (4) कुश्ती **(4)**

**5. ? : 63 :: 08 : 26**
(1) 12 (2) 7
(3) 18 (4) 15 **(4)**

**हल:** 15 : 63 :: 8 : 26
$4^2-1$ $4^3-1$ $3^2-1$ $3^3-1$

**6. 21 : ? :: 574 : 82**
(1) 3 (2) 7
(3) 23 (4) 97 **(1)**

**7. कोंकणी का गोवा से वो ही सम्बन्ध है, जो डोगरी का ........ से है।**
(1) मध्य प्रदेश (2) ओडिशा
(3) जम्मू व कश्मीर (4) गुजरात **(3)**

**8. आय का लाभ से वो ही सम्बन्ध है, जो व्यय का ........ से है।**
(1) शेष (2) हानि
(3) बिक्री (4) प्राप्तियाँ **(2)**

**9. ताजमहल का प्यार से वो ही सम्बन्ध है, जो जलियाँवाला बाग का .......... से है।**
(1) अमृतसर (2) शहादत
(3) युद्ध (4) पंजाब **(3)**

**10. किसी निश्चित कूट में 'PARENT' को 'BDFGJK' और 'CHILDREN' को 'MOXQUFGJ' के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट में 'REPRINT' को किस प्रकार लिखा जायेगा?**
(1) FGBFXJK (2) FGBUXJK
(3) FGBFXGD (4) BGFXJKQ **(1)**

**हल:**

P A R E N T ∴ R E P R I N T
B D F G J K F G B F X J K

C H I L D R E N
M O X Q U F G J

**11. यदि BAG को 71 की कूट संख्या दी जाती है तो VICE को क्या कूट संख्या दी जा सकती है?**
(1) 90 (2) 75
(3) 69 (4) 70 **(3)**

**हल:** $25+26+20=71$
$\therefore 5+18+24+22=69$

**12. EF : GH :: ? : ?**
(1) JK : MN (2) IJ : KL
(3) AB : JK (4) ST : VW **(2)**

**13. दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन करें-**
मकान : किराया :: पूँजी : ?
(1) ब्याज (2) निवेश
(3) लाभ (4) वेतन **(1)**

**14. अंग्रेजी वर्णमाला में बायीं ओर से 10वें अक्षर के बायीं ओर 6 वाँ अक्षर कौनसा होगा?**
(1) C (2) D
(3) M (4) P **(2)**


**हल:** $10-6=4=$ D

**15. यदि सफेद को नीला, नीला को लाल, लाल को पीला, पीला को हरा, हरा को काला, काला को बैंगनी, बैंगनी को नारंगी कहा जाता है, तो मनुष्य के खून का रंग क्या होगा?**
(1) लाल (2) हरा
(3) पीला (4) बैंगनी **(3)**

**हल:** खून = लाल = पीला

**16. एक आदमी पश्चिम की ओर 25 किमी. की यात्रा करता है और फिर अपनी बायीं ओर 90° मुड़ता है और अन्य 4 किमी. की यात्रा करता है। अन्त में वह बायें मुड़ता है और 25 किमी. की यात्रा करता है। वह अब अपने वास्तविक स्थान से किस दिशा में है?**
(1) पश्चिम (2) पूर्व
(3) दक्षिण (4) उत्तर **(3)**

**हल:**




**17. दिए गए अंकों में एक अंक गलत है। गलत अंक पहचानिये-**
1236, 2346, 3456, 4566, 5686
(1) 1236 (2) 5686
(3) 4566 (4) 3456 **(2)**

**हल:** 1236
2346
3456
4566
5676

**18. दिए गए अंकों में एक अंक गलत है। गलत अंक पहचानिये-**
3, 7, 15, 39, 63, 127, 255, 511
(1) 15 (2) 39
(3) 63 (4) 127 **(2)**

**हल:** 3 7 15 31 63 127
×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1

**19. किसी निश्चित कूट भाषा में 'SPRING' को UNUFRC के रूप में लिखा जाता है। किस शब्द का कूट OMEFPA होगा?**
(1) MOBILE (2) MOBLIE
(3) MOBELI (4) MOBIEL **(1)**


**हल:**

+2 −2 +3 −3 +4 −4
S P R I N G
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
U N U F R C

+2 −2 +3 −3 +4 −4
M O B I L E
∴ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
O M E F P A

**20. यदि दक्षिण-पश्चिम को उत्तर कहा जाता है तो उत्तर-पूर्व क्या होगा?**
(1) उत्तर (2) पश्चिम
(3) दक्षिण (4) पूर्व **(3)**

**हल:**




**21. छूटी संख्या ज्ञात कीजिए-**
33, 28, 24, ?, 19, 18
(1) 20 (2) 21
(3) 22 (4) 23 **(2)**

**हल:** 33 28 24 21 19 18
−5 −4 −3 −2 −1

**22. छूटी संख्या ज्ञात कीजिए-**
3, 5, 35, 10, 12, 35, ?, ?
(1) 19, 35 (2) 17, 19
(3) 19, 24 (4) 22, 35 **(2)**

**हल:** 3 5 35 10 12 35 17 19
(3 → 10: +7, 10 → 17: +7; 5 → 12: +7, 12 → 19: +7)

**23. रीना की वर्तमान आयु सुनिता की वर्तमान आयु की दुगुनी है। तीन वर्ष पूर्व रीना की आयु सुनीता की आयु की तीन गुना थी। रीना की वर्तमान आयु क्या है?**
(1) 6 वर्ष (2) 7 वर्ष
(3) 8 वर्ष (4) 12 वर्ष **(4)**

**हल:** माना सुनिता की वर्तमान आयु = x


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

अत: वीना की वर्तमान आयु = 2x

3 वर्ष पहले $(x-3)\times 3 = (2x-3)$

$$3x-9 = 2x-3$$

$$x = 6$$

अत: रीमा की आयु: $6 \times 2 = 12$ वर्ष

**24. तीन रिक्तियों के लिए 6 उम्मीदवार हैं। इन रिक्तियों को कितने प्रकार से भरा जा सकता है?**

(1) 120 (2) 130
(3) 15 (4) 110 **(1)**

**हल:** $\frac{6!}{3!} = \frac{6\times5\times4\times3\times2\times1}{3\times2\times1} = 120$

**25. छूटी संख्या ज्ञात कीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 11 | 25 |
| 8 | 6 | 16 |
| 12 | 5 | ? |

(1) 18 (2) 16
(3) 12 (4) 10 **(2)**

**26. छूटी संख्या ज्ञात कीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| 85 | 20 | 5 |
| 126 | 24 | 6 |
| 175 | ? | 7 |

(1) 22 (2) 24
(3) 26 (4) 28 **(4)**

−3

**हल:** $5 \times 4 = 20$, $17\times5 = 85$
$6 \times 4 = 24$, $21\times6 = 126$
$7 \times 4 = 28$, $25\times7 = 175$

**27. बताइये कि दिये गये शब्दों के अक्षरों से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता है?**
**INTELLIGENCE**

(1) TILLAGE (2) INCITE
(3) GENTLE (4) NEGLECT **(1)**

**28. बताइये कि दिये गये शब्द के अक्षरों से कौन-से शब्द नहीं बनाया जा सकता-**
**SUPERVISION**

(1) POISON (2) NOISE
(3) GENTLE (4) NEGLECT **(1)**

**29. यदि 'P' भाग को, 'Q' गुणा को, 'R' योग को और 'S' घटाने को दर्शाता है, तो-**
**18 Q 12 P 4 R 5 S 6 = ?**

(1) 95 (2) 53
(3) 51 (4) 57 **(2)**

**हल:** $18 \times 12 \div 4 + 5 - 6 = 54 + 5 - 6 = 53$

**30. यदि किसी साधारण वर्ष का पहला दिन रविवार हो, तो अगले वर्ष का पहला दिन क्या होगा?**

(1) बृहस्पतिवार (2) शुक्रवार
(3) शनिवार (4) सोमवार **(4)**

**निर्देश- (प्रश्न सं. 31 से 33)**- उल्लेखित सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़िये एवं दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

(1) Q और T अंग्रेजी व कम्प्यूटर विज्ञान में अच्छे हैं।
(2) P और Q कम्प्यूटर विज्ञान व भौतिक शास्त्र में अच्छे हैं।
(3) P, S और R भौतिक शास्त्र व इतिहास में अच्छे हैं।
(4) R और P भौतिक शास्त्र व गणित में अच्छे हैं।
(5) S और T इतिहास व अंग्रेजी में अच्छे हैं।

**31. भौतिक शास्त्र, इतिहास एवं अंग्रेजी में कौन अच्छा है?**

(1) P (2) Q
(3) S (4) T **(3)**

**32. कम्प्यूटर विज्ञान, इतिहास व अंग्रेजी में कौन अच्छा है?**

(1) P (2) Q
(3) R (4) T **(4)**

**33. इतिहास, भौतिक शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान और गणित में कौन अच्छा है?**

(1) P (2) Q
(3) R (4) S **(1)**

**(31-33) हल:**

| अंग्रेजी | कम्प्यूटर | भौतिक | इतिहास | गणित |
|---|---|---|---|---|
| Q | Q | Q | – | – |
| T | T | – | T | – |
| – | P | P | P | P |
| S | – | S | S | – |
| – | – | R | R | R |

**निर्देश (प्रश्न सं. 34 से 36)**– दी गई सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़िये और दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

रवि अमन के पिता की बहन का पुत्र है। साहिल दिव्या का पुत्र है, जो गौरव की माँ और अमन की दादी है। अशोक तान्या का पिता और रवि का नाना है, दिव्या अशोक की पत्नी है।

**34. रवि का दिव्या से क्या संबंध है?**

(1) भतीजा (2) नाती
(3) पुत्र (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**


**35. गौरव की पत्नी का तान्या से क्या संबंध है?**

(1) भतीजी (2) बहन
(3) भाभी (4) सूचना अपर्याप्त **(3)**

**36. अशोक का अमन से क्या सम्बन्ध है?**

(1) बहन (2) दादा
(3) भाभी (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**(34-36) हल:**




**37. A, B का पिता है और C, A का भाई व F, B की बहन है, M, A का पिता है, तो F और C के बीच क्या संबंध है?**


(1) पुत्री – पिता (2) पति – पत्नी
(3) बहिन – भाई (4) भतीजी – चाचा **(4)**

**हल:**




**निर्देश (प्रश्न सं. 38 से 40)**– निम्नलिखित आकृति को सावधानीपूर्वक पढ़िये और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

त्रिभुज गाँव की महिलाओं, आयत बेरोजगार महिलाओं और वृत्त शिक्षित महिलाओं को प्रदर्शित करता है–




**38. गाँवों में शिक्षित बेरोजगार महिलाओं को प्रदर्शित किया है?**

(1) S (2) T
(3) U (4) V **(2)**

**39. अक्षर S क्या प्रदर्शित करता है?**

(1) गाँवों में अशिक्षित महिलाओं को
(2) गाँवों में अशिक्षित बेरोजगार महिलाओं को
(3) शिक्षित बेरोजगार महिलायें
(4) कार्यरत शिक्षित महिलायें **(2)**

**40. शिक्षित बेरोजगार महिलाओं को प्रदर्शित किया है-**

(1) Q और R (2) S और T
(3) T और U (4) V और T **(3)**

**निर्देश (प्रश्न सं. 41 से 45)**– दिये गये प्रश्नों के चार विकल्पों में से तीन किसी प्रकार से समान है एवं एक समूह बनाते हैं। वह कौनसा विकल्प है, जो कि उस समूह का नहीं है–

**41.** (1) पांडिचेरी (2) भोपाल
(3) दादरा और नागर हवेली
(4) चंडीगढ़ **(2)**

**42.** (1) गैलन (2) टन
(3) क्विंटल (4) किलोग्राम **(1)**

**43.** (1) गेंदा (2) कमल
(3) गुलाब (4) नीम **(4)**


**44.** (1) चिल्लाना (2) हँसना
(3) सुबकना (4) रोना **(3)**

**45.** (1) ग्रेफाइट (2) कोयला
(3) मोती (4) हीरा **(3)**

**46. सुरेन्द्र ने विरेन्द्र का अपने पिता की पत्नी से इकलौते भाई के बेटे के रूप में परिचय करवाया। सुरेन्द्र विरेन्द्र से कैसे संबंधित हैं?**

(1) कजिन (2) भाई
(3) पुत्र (4) अंकल **(1)**

**हल:**




**47. कौनसी संख्या है, जो क्रम में अगले स्थान पर आती है?**
**6, 13, 28, 59, ?**

(1) 111 (2) 113
(3) 114 (4) 122 **(4)**


**हल:**

6 13 28 59 122
×2+1 ×2+2 ×2+3 ×2+4

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

48. यदि किसी भाषा में 'NOIDA' का कूट '39658' है, तो INDIA का कूट क्या होगा?
(1) 36568 (2) 63568
(3) 63569 (4) 65368 **(2)**
**हल:** N O I D A ∴ I N D I A
3 9 6 5 8 6 3 5 6 8

49. यदि 15 सितम्बर, 1992 को शुक्रवार है, तो 26 दिसम्बर, 1992 को कौनसा दिन होगा?
(1) सोमवार (2) बृहस्पतिवार
(3) मंगलवार (4) बुधवार **(3)**
**हल:** $\frac{15+31+30+26}{7}$ = शेष 4
शुक्रवार के 4 दिन बाद मंगलवार होगा।

50. यह दिया गया है कि A, B की माँ है, C, A का पुत्र है, D, E का भाई है, और E, B की बेटी है, तब D की दादी है-
(1) B (2) E
(3) A (4) C **(3)**
**हल:** D की दादी A होगी।



## भाग-ब : शिक्षक अभिरुचि

51. **'बिगड़ा बच्चा' शब्द सामान्यतः ऐसे बालकों के लिए प्रयोग होता है-**
(1) जिनकी सामान्य बुद्धि कम होती है।
(2) किसी एक खास विषय में कमजोर होते हैं।
(3) जिनमें कोई शारीरिक खराबी होती है।
(4) जो कुसमायोजित होते हैं। **(4)**

52. **निम्न में से कौनसा कक्षा में बालक के व्यवहार को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है?**
(1) शिक्षक (2) संगी–साथी
(3) स्कूल का वातावरण
(4) कक्षा मोनिटर **(1)**

53. **निम्न में से कौनसा तरीका बालकों में सांवेगिक परिपक्वता के विकास में सहायक है?**
(1) बालक को सुरक्षा प्रदान करना
(2) बालक को संवेग को दबाने का प्रशिक्षण देना
(3) सांवेगिक तनाव को दूर करने के लिए रचनात्मक रास्ते प्रदान करना
(4) संवेगों की उचित शिक्षा प्रदान करना **(3)**

54. **एक दुर्व्यवहार करने वाले बालक के बारे में सही है-**
(1) जन्मजात समस्या पैदा करने वाला
(2) समस्या के लिए सामाजिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने में असमर्थ
(3) गलत तरीके से अपनी आवश्यकता पूर्ति में प्रयासरत
(4) किसी प्रकार से कुसमायोजित **(*)**

55. **सामाजिक परिपक्वता का मतलब है-**
(1) समूह में पूर्ण स्वीकार्यता
(2) सामाजिक सम्बन्धों में प्रभावी सहभागिता
(3) अभिभावकों के प्रभाव से आजादी
(4) स्वयं के लिए, स्वयं के कार्यों व अन्य लोगों के लिए उत्तरदायी होना। **(4)**

56. **एक प्रतिभाशाली बालक के समाधान के लिए कौनसी विधि सबसे व्यावहारिक व यथार्थपरक है?**
(1) संवर्धन (2) त्वरण
(3) अलगाव (4) सभी का संयोजन **(4)**

57. **आपके अनुसार बालकों के लिए अधिगम की कौनसी प्रक्रिया सर्वोत्तम है?**
(1) करके सीखना
(2) किसी गतिविधि को कैसे करना है बताना
(3) प्रदर्शन देकर
(4) लिखित निर्देश देकर **(1)**

58. **''कोई बालक सभी प्रकार की पुस्तकों से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं'', टैगोर शिक्षा के किन लक्ष्यों को इंगित करते हैं?**
(1) व्यक्तिगत लक्ष्य (2) सामाजिक लक्ष्य
(3) व्यक्तिगत व सामाजिक लक्ष्यों का संश्लेषण
(4) सांस्कृतिक लक्ष्य **(1)**

59. **विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन के अनुसार शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य है?**
(1) बालक का शारीरिक विकास
(2) बालक का मानसिक विकास
(3) बालक का सामाजिक विकास
(4) बालक के पहले से विद्यमान पूर्णता की सिद्धि **(4)**

60. **कक्षा में अनुशासन अनिवार्य है, क्योंकि-**
(1) सीखने के लिए विद्यार्थियों पर नियंत्रण जरूरी है।
(2) स्कूल आनन्द और क्रीड़ा का स्थल नहीं है।
(3) विद्यार्थी सफल शिक्षार्थी और अच्छे नागरिक बनते हैं।
(4) शिक्षक का सम्मान होना चाहिए। **(1)**

61. **कक्षा में अनुशासन लागू करने से पहले शिक्षक के लिए आवश्यक है-**
(1) छात्र परिणाम से डरें।
(2) छात्रों से मिलकर अपेक्षाएँ और मानक स्थापित करें।
(3) छात्र के अभिभावकों को बुलायें।
(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

62. **एक शिक्षक छात्रों के साथ सौहार्द किसके द्वारा स्थापित कर सकता है?**
(1) विषय के अपने ज्ञान के द्वारा
(2) छात्रों के साथ मित्रवत होकर
(3) मार्गदर्शक की भूमिका निभाकर
(4) अच्छे अंक देकर **(2)**

63. **समर्थनकारी प्रशासन के लिए आवश्यक है ''प्राचार्य शिक्षकों के साथ शक्ति सांझा करने को तैयार हो व उसमें उनको नेता बनाने का कौशल हो।''**
(1) पूर्णतः सहमत (2) सहमत
(3) आंशिक सहमत (4) असहमत **(1)**

64. **शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा ज्ञान एवं कौशल कुछ व्यक्तियों द्वारा अगली पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाता है-**
(1) पूर्णतः सहमत (2) सहमत
(3) आंशिक सहमत (4) असहमत **(1)**

65. **छात्रों के अवांछित व्यवहार को परिवर्तित करने के लिए कौनसी विधि सर्वाधिक प्रभावी है?**
(1) छात्रों को दण्डित करना
(2) अभिभावकों को सूचित करना
(3) ऐसे व्यवहार के कारणों को जानना और समझना
(4) नजरअंदाज करना **(3)**

66. **विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य है-**
(1) विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना
(2) हितकारी शिक्षण का वातावरण बनाना
(3) 1 एवं 2 दोनों (4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

67. **श्रीमान् राम विद्यार्थियों में बहुत लोकप्रिय है। इसका कारण हो सकता है-**
(1) उनका व्यक्तित्व बहुत आकर्षक है।
(2) विद्यार्थियों के साथ मित्रवत है।
(3) अंकेक्षण में उदार है।
(4) अपने विषय पर उनका अधिकार है। **(4)**

68. **विद्यार्थियों को गृहकार्य क्यों दिया जाता है?**
(1) स्वयं पढ़ने की आदत के विकास के लिए
(2) उनकी प्रगति जानने के लिए
(3) उनको व्यस्त रखने के लिए
(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

69. **एक छात्र सुनील पिछले कुछ दिनों से आपकी कक्षा में देर से आ रहा है। आप क्या करोगे?**
(1) उसे दण्ड देंगे।
(2) उसे कक्षा में चुपचाप बैठने देंगे।
(3) कक्षा के बाद उसे बुलाकर कारण जानेंगे।
(4) उसके अभिभावकों को बुलाएंगे। **(3)**

70. **आपने बहुत अच्छे से अपना पाठ तैयार किया है पर आपको पता चलता है कि विद्यार्थी रुचि नहीं ले रहे, आप क्या करेंगे?**
(1) अपनी शिक्षण विधि को बदलेंगे।
(2) पढ़ाते रहेंगे।
(3) उनको ध्यान देने के लिए कहेंगे।
(4) उनकी अरुचि का कारण पूछेंगे। **(1)**

71. **पढ़ाते समय उदाहरण देने का उद्देश्य होता है-**
(1) विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए
(2) पाठ की व्याख्या के लिए
(3) इसको रूचिकर बनाने के लिए
(4) समय काटने के लिए **(2)**

72. **एक नवनियुक्त शिक्षक के रूप में कक्षा में पहले दिन आप क्या करेंगे?**
(1) विद्यार्थियों के साथ पाठ्यक्रम पर चर्चा
(2) विद्यार्थियों के साथ एक संक्षिप्त परिचय सत्र
(3) कक्षा में व्यवहार के मानक बताएंगे।
(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

73. **यदि आपकी कक्षा में कोई छात्र बेहोश हो जाता है, तो आप सबसे पहले क्या करेंगे?**
(1) छात्र के अभिभावकों को बुलायेंगे।
(2) प्राचार्य के ऑफिस में सूचना देंगे व मदद मांगेंगे।
(3) उसे प्राथमिक उपचार देंगे।
(4) उसे घर भेज देंगे। **(3)**

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

**74. एक व्यक्ति अच्छा शिक्षक बन सकता है, यदि-**
(1) वह शिक्षण में सच्ची रूचि रखता हो।
(2) अपने विषय को जानता हो।
(3) छात्रों को नियंत्रित करना जानता हो।
(4) उसकी अभिव्यक्ति अच्छी हो। (2)

**75. शिक्षण का सबसे महत्त्वपूर्ण कौशल है-**
(1) शिक्षक जो कह रहा है उसे छात्रों को समझाना
(2) शिक्षण के दौरान छात्रों को शांत रखना
(3) अपने विषय में निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करना
(4) नियमित कक्षाएँ लेना (1)

**76. किसी छात्र द्वारा गलत उत्तर देने पर सबसे सही प्रतिक्रिया है-**
(1) पाठ सही से याद न करने के लिएं उसे डांटना
(2) उत्तर क्यों गलत है बताना
(3) गलत उत्तर को नजर अंदाज कर आगे बढ़ना
(4) दूसरे छात्र से सही उत्तर पूछना (2)

**77. विद्यार्थियों को उन शिक्षकों को पसन्द करना चाहिए, जो-**
(1) जो परीक्षा से पहले महत्त्वपूर्ण प्रश्न बताएँ।
(2) कक्षा में छात्रों को नोट्स दें।
(3) जो विषय संबंधी उनकी कठिनाईयों को दूर करें।
(4) जो स्वयं अनुशासित हों। (3)

**78. शिक्षकों को उत्तरदायी बनाने के लिए उनको देनी चाहिए-**
(1) विषय-वस्तु और शिक्षण विधि के चयन की स्वतंत्रता
(2) शिक्षण व परीक्षा में प्रशिक्षण
(3) पेशेवर तरक्की के अवसर
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

**79. एक अच्छे सम्प्रेषणकर्ता के लिए जरूरी है कि वह अच्छा हो-**
(1) श्रोता (2) भाषा के उपयोग में
(3) भाषा में हास्य के उपयोग में
(4) शरीर भाषा में (2)

**80. अपना व्याख्यान तैयार करने के लिए आप पहला कदम क्या उठाएंगे?**
(1) विषय पर अधिकार प्राप्त करना।
(2) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि जानना।
(3) सामग्री को तार्किक रूप से व्यवस्थित करना।
(4) पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाना (3)

**81. किस प्रकार का अधिगम अधिगमकर्ता की अधिगम सम्बन्धी कमियों और कठिनाईयों को चिन्हित करता है?**
(1) स्थापना (2) योगात्मक
(3) निरन्तर (4) नैदानिक (2)

**82. एक शिक्षक शिष्यों के समूह में व्यवहार का अध्ययन किस विधि से करता है?**
(1) साक्षात्कार (2) प्रयोग द्वारा
(3) केस इतिहास (4) निरीक्षण (4)

**83. निम्न में से कौनसा निष्णात अधिगम का तत्व है?**
(1) वैकल्पिक पुस्तकों का उपयोग
(2) वैकल्पिक शिक्षण विधि
(3) विद्यार्थी-केन्द्रित अधिगम विधि
(4) समूह शिक्षण (3)

**84. निरन्तर समग्र मूल्यांकन के द्वारा किसका मापन होता है?**
(1) सर्वांगीण विकास
(2) रचनात्मकता का विकास
(3) अनुभव का विकास
(4) समस्या समाधान का विकास (1)

**85. एक महान शिक्षक बालकों को पढ़ाने और उनके साथ काम करने के लिए भावप्रवण होता है। वे बालकों के जीवन को प्रभावित करने के लिए उत्साहित होते हैं और उनके जीवन पर इसके प्रभाव को समझाते हैं-**
(1) पूर्णतः सहमत (2) सहमत
(3) आंशिक सहमत (4) असहमत (1)

**86. निम्न में कौनसा मूल्यांकन शिक्षक व छात्र दोनों को लगातार जानकारी देने के लिए अधिगम उन्नति का निर्धारण करता है?**
(1) स्थापना मूल्यांकन
(2) योगात्मक मूल्यांकन
(3) विकासकालीन मूल्यांकन
(4) नैदानिक मूल्यांकन (3)

**87. जीवन में सीखने का उद्देश्य क्या है?**
(1) वैयक्तिक समायोजन
(2) सामाजिक समायोजन
(3) व्यवहार परिवर्तन
(4) कुसमायोजन (3)

**88. एक अच्छे शिक्षक को अपने विद्यार्थियों से उच्च अपेक्षाएँ होती हैं और वह सबको अपने सर्वोत्तम स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है-**
(1) पूर्णतः सहमत (2) सहमत
(3) आंशिक सहमत (4) असहमत (1)

**89. विद्यार्थियों को स्व-अभिप्रेरित अधिगमार्थी बनाने के लिए एक शिक्षक को क्या करना चाहिए?**
(1) विद्यार्थी को विश्वास दिलाना कि वह कर सकता है।
(2) सफलता के लिए अवसर प्रदान करना।
(3) लोकतांत्रिक वातावरण का निर्माण करना।
(4) उनको उन पर छोड़ देना। (1)

**90. सी.सी.ई. का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पक्ष क्या है?**
(1) परीक्षा के डर को कम करना
(2) विद्यार्थी के प्रत्येक पक्ष का मूल्यांकन
(3) विद्यार्थियों की तुलना
(4) 1 एवं 2 दोनों (4)

**91. शिक्षा का विश्लेषणात्मक अर्थ है-**
(1) विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा
(2) बालक की अन्तरंग शक्तियों का विकास
(3) अनेक माध्यमों द्वारा दिया गया बाह्य-ज्ञान
(4) शिक्षक द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई शिक्षा (2)

**92. एक शिक्षक को छात्रों से सर्वाधिक निष्पादन के लिए क्या करना चाहिए?**
(1) प्रत्येक छात्र की आवश्यकता, उद्देश्य व लक्ष्य के प्रति सजगता
(2) कक्षा को नियंत्रण में रखना
(3) छात्रों को उनका सर्वोत्तम करने के लिए प्रेरित करना
(4) असफलता पर दण्डित करना (3)

**93. एक शिक्षक के रूप में आप पाते हैं कि कक्षा में राजेश नामक विद्यार्थी अत्यधिक क्रियाशील है जो कि दूसरों के लिए भी परेशानी का कारक है, आप क्या करेंगे?**
(1) उसे उद्देश्यात्मक गतिविधियाँ उपलब्ध करायेंगे।
(2) उसे अतिरिक्त काम देंगे ताकि वे अपनी सीट पर रहे।
(3) मामले को प्राचार्य को बतायेंगे।
(4) उसे दण्ड देंगे। (1)

**94. आपके अनुसार एक शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण गुण क्या है?**
(1) अपने विषय पर अधिकार
(2) शिक्षण की योग्यता
(3) धैर्य एवं डटे रहना
(4) उपर्युक्त सभी (4)

**95. जब कोई विद्यार्थी अपने शिक्षक की तरह बोलने, पहनने तथा व्यवहार करने लगे, तो यह कहलाता है-**
(1) समावेशन (2) आंतरिकीकरण
(3) तादात्म्यमकरण (4) अनुरूपण (4)

**96. शिक्षण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य क्या है?**
(1) पाठ्यक्रम को पूरा करना
(2) कक्षा में मैत्रीपूर्ण वातावरण का निर्माण
(3) विद्यार्थियों के लिए ज्ञानार्जन एवं समझ को सुगम बनाना
(4) नियमित शिक्षण (3)

**97. आपको क्या लगता है कि अनुभवी शिक्षक का सर्वोत्तम लक्षण क्या है?**
(1) वो कक्षा में अधिगम को रूचिकर बना देता है।
(2) कक्षा को आसानी से नियंत्रित करता है।
(3) अनुशासन कायम करता है।
(4) उपर्युक्त सभी (4)

**98. आपके अनुसार एक शिक्षक का प्राथमिक उद्देश्य क्या होना चाहिए?**
(1) विद्यार्थियों के व्यवहार को समाज की जरूरतों के अनुसार ढालना
(2) तार्किक सोच पोषित करना
(3) पाठ्यक्रम पढ़ाना
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

**99. एक शिक्षक के तौर पर आप विद्यार्थियों में अनुशासन कैसे बनायेंगे?**
(1) कक्षा में आचार संहिता की व्याख्या करके
(2) विद्यार्थियों को जिम्मेदारी देकर
(3) प्रश्न पूछकर
(4) इनमें से कोई नहीं (2)

**100. आपके अनुसार पेशेवरता का क्या अर्थ है?**
(1) वेतन के लिए काम करना
(2) पेशेगत आचार संहिता का पालन करना
(3) शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स करना
(4) इनमें से कोई नहीं (2)



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

# भाग-स : सामान्य ज्ञान

**101. 'तृतीय गोलमेज सम्मेलन' किस वर्ष हुआ?**
(1) 1930 (2) 1931
(3) 1932 (4) 1936 **(3)**

**102. भारत का अन्तिम वाइसरॉय था-**
(1) लॉर्ड माउन्टबेटन (2) लॉर्ड केनिंग
(3) लॉर्ड लिटन (4) लॉर्ड हेस्टिंग्स **(1)**

**103. 'केबिनेट मिशन' की स्थापना किस वर्ष हुई-**
(1) 1944 (2) 1945
(3) 1946 (4) 1947 **(3)**

**104. भारत में स्वाधीन होने के वक्त ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन था?**
(1) क्लिमेंट एटली (2) जेम्स कैलेघन
(3) विंस्टन चर्चिल (4) मार्गरेट थेचर **(1)**

**105. भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना हुई-**
(1) 1880 (2) 1884
(3) 1885 (4) 1890 **(3)**

**106. किसने भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना की?**
(1) ए.ओ. ह्यूम (2) एनी बेसेंट
(3) सरोजिनी नायडु (4) मोतीलाल नेहरू **(1)**

**107. भारतीय शास्त्रीय नृत्य 'भरतनाट्यम' संबंधित है-**
(1) केरल (2) उत्तर प्रदेश
(3) तमिलनाडु (4) आँध्र प्रदेश **(3)**

**108. 'बिहु' लोकनृत्य है-**
(1) हिमाचल प्रदेश (2) जम्मू व कश्मीर
(3) पंजाब (4) असोम **(4)**

**109. मांडना, मेंहदी लोक कला शैली है-**
(1) महाराष्ट्र की (2) बिहार की
(3) राजस्थान की (4) गुजरात की **(3)**

**110. वर्तमान में राजस्थान के राज्यपाल कौन हैं?**
(1) कल्याण सिंह (2) जगदीश मुखी
(3) बी.डी. मिश्रा (4) लालजी टण्डन **(*)**

**111. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**
(1) अरूधंति रॉय (2) शशि थरूर
(3) आर.के. नारायण (4) अमीश त्रिपाठी **(3)**

**112. 'सेविंग केपिटलिज्म फ्रॉम केपिटलिस्ट्स' के लेखक हैं-**
(1) रघुराम राजन (2) नन्दन नीलेकणि
(3) सैम पित्रोदा (4) कपिल सिब्बल **(1)**

**113. विटामिन-बी की कमी के कारण कौनसा रोग होता है?**
(1) स्कर्वी (2) बेरी-बेरी
(3) चर्म रोग (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**114. पार्किंसन्स रोग शरीर के किस हिस्से को प्रभावित करता है?**
(1) फेफड़े (2) आँखें
(3) पैर (4) मस्तिष्क **(4)**

**115. निमोनिया शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?**
(1) फेफड़े (2) आँतें
(3) त्वचा (4) पेट **(1)**

**116. अमीबायसिस प्रभाव डालता है-**
(1) दाँत पर (2) छोटी आँत पर
(3) बड़ी आँत पर (4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**117. किस वर्ष 'सूचना का अधिकार अधिनियम' पारित हुआ?**
(1) 2006 (2) 2005
(3) 2004 (4) 2008 **(2)**

**118. देश के प्रथम अन्तरिम मंत्रिमण्डल में वल्लभभाई पटेल थे-**
(1) गृह मंत्री (2) विधि मंत्री
(3) श्रम मंत्री (4) वाणिज्य मंत्री **(1)**

**119. तेलंगाना भारत का 29 वाँ राज्य कब बना?**
(1) 2 जून, 2012 (2) 2 जून, 2011
(3) 2 जून, 2014 (4) 2 जून, 2015 **(3)**

**120. भारत का राष्ट्रपति कौन है?**
(1) नितिन गडकरी (2) प्रतिभा पाटिल
(3) सुमित्रा महाजन (4) रामनाथ कोविंद **(4)**

**121. केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?**
(1) हिमाचल प्रदेश (2) ओडिशा
(3) राजस्थान (4) सिक्किम **(3)**

**122. विश्व पर्यावरण दिवस है-**
(1) 5 जून (2) 10 जून
(3) 15 जून (4) 1 जून **(1)**

**123. वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर का मुख्यालय कहाँ स्थित हैं?**
(1) लंदन में (2) स्विट्जरलैण्ड में
(3) न्यूयॉर्क में (4) जेनेवा में **(2)**

**124. नीली क्रांति किससे संबंधित है?**
(1) दुग्ध उत्पादन (2) मत्स्य उत्पादन
(3) फल उत्पादन (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**125. 12 वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है-**
(1) 2002-2007 (2) 2007-2012
(3) 2012-2017 (4) 2017-2022 **(3)**

**126. 12 वीं पंचवर्षीय योजना की लक्षित विकास दर थी-**
(1) 6 प्रतिशत (2) 7 प्रतिशत
(3) 7.5 प्रतिशत (4) 8 प्रतिशत **(4)**

**127. सबसे अधिक चमकीला ग्रह कौनसा है?**
(1) शुक्र (2) बुध
(3) चन्द्रमा (4) बृहस्पति **(1)**

**128. भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौनसा है?**
(1) NH-01 (2) NH-08
(3) NH-12 (4) NH-44 **(4)**

**129. रेड क्रॉस का मुख्यालय है-**
(1) जेनेवा में (2) लंदन में
(3) एम्स्टर्डम में (4) न्यूयॉर्क में **(1)**

**130. गण्डक नदी का उद्गम स्थल है-**
(1) चीन (2) पाकिस्तान
(3) नेपाल (4) पंजाब **(3)**

**131. दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2017 किसे दिया गया?**
(1) राजेश खन्ना को (2) विनोद खन्ना को
(3) प्राण को (4) शशि कपूर को **(2)**

**132. प्रथम मुगल बादशाह कौन था?**
(1) बाबर (2) गजनी
(3) अकबर (4) बहादुर शाह जफ़र **(1)**

**133. अंतिम मुगल बादशाह कौन था?**
(1) अलाउद्दीन खिलजी
(2) औरंगजेब
(3) बहादुर शाह जफ़र
(4) गजनी **(3)**

**134. 2020 के ओलम्पिक खेल का आयोजन स्थल होगा-**
(1) टोकियो (जापान) (2) लंदन (ब्रिटेन)
(3) पेरिस (फ्रांस) (4) बर्लिन (जर्मनी) **(1)**

**135. किस राज्य में 'काकरापार नाभिकीय पावर स्टेशन' स्थित है?**
(1) कर्नाटक (2) आँध्र प्रदेश
(3) तमिलनाडु (4) गुजरात **(4)**

**136. किस राज्य का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?**
(1) राजस्थान (2) महाराष्ट्र
(3) उत्तर प्रदेश (4) मध्य प्रदेश **(1)**

**137. ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में कब प्रवेश किया था?**
(1) 1812 (2) 1712
(3) 1612 (4) 1512 **(3)**

**138. भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्देमातरम्' किसने लिखा था?**
(1) रविन्द्रनाथ टैगोर
(2) बंकिम चन्द्र चटर्जी
(3) गंगाधर चट्टोपाध्याय
(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**139. राजस्थान के किस शहर को यूनेस्को का 'पीस सिटी अवार्ड' मिला?**
(1) जोधपुर (2) अजमेर
(3) जयपुर (4) बीकानेर **(*)**

**140. राजस्थान में ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट कहाँ है?**
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) अलवर **(2)**

**141. राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति करता है-**
(1) प्रधानमंत्री (2) राष्ट्रपति
(3) सुप्रीम कोर्ट (4) राज्य का मुख्यमंत्री **(2)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

**142. राजस्थान में मीराबाई का मंदिर स्थित है-**
(1) चित्तौड़गढ़ (2) उदयपुर
(3) मेड़ता सिटी (4) राजसमन्द (1)

**143. निम्न में से राजस्थान की सबसे लम्बी नदी है-**
(1) माही (2) लूनी
(3) बनास (4) चम्बल (3)

**144. राजस्थान का टेक्सटाईल शहर है-**
(1) ब्यावर (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) भीलवाड़ा (4)

**145. मेड्रिड किस देश की राजधानी है?**
(1) स्पेन (2) फ्रांस
(3) ब्राजील (4) जर्मनी (1)

**146. ग्रीनलैण्ड की मुद्रा है-**
(1) पीसो (2) क्रोन
(3) डॉलर (4) टाका (2)

**147. किस शहर को 'महलों का शहर' के नाम से जाना जाता है?**
(1) कोलकाता (2) जयपुर
(3) ग्वालियर (4) हैदराबाद (1)

**148. भारत का राष्ट्रीय पुष्प है-**
(1) गुलाब (2) कमल
(3) लिली (4) इनमें से कोई नहीं (2)

**149. भारत का राष्ट्रीय खेल है-**
(1) क्रिकेट (2) कबड्डी
(3) हॉकी (4) कैरम (3)

**150. श्वेत क्रांति किससे संबंधित है?**
(1) दुग्ध उत्पादन (2) फल उत्पादन
(3) मछली उत्पादन (4) सब्जी उत्पादन (1)

## भाग-द : हिन्दी

**151. पार्थ शब्द किस शब्द से बना है?**
(1) प्रथ (2) पृथा (3) पृथ (4) पृर्थ (2)

**152. कुरू शब्द में 'अ' प्रत्यय जोड़ने पर शब्द बनेगा-**
(1) कौरव (2) कुरव
(3) कुरूव (4) कौरव्य (1)

**153. मनीषा शब्द का संधि विच्छेद होगा-**
(1) मन + ईषा (2) मन + इषा
(3) मनस् + ईषा (4) मनु + ईषा (3)

**154. इसलाम शब्द का शुद्ध रूप है-**
(1) इस्लाम (2) इशलाम
(3) इश्लाम (4) ईसलाम (1)

**155. सूरा सो पूरा- इस लोकोक्ति का अर्थ है-**
(1) बहादुर लोग सब कुछ कर सकते हैं
(2) बहादुर लोग कुछ नहीं कर सकते हैं
(3) डरपोक लोग सब कुछ कर सकते हैं
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

**156. यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है- इस वाक्य का शुद्ध रूप होगा-**
(1) यहाँ गाय का दूध शुद्ध मिलता है।
(2) गाय का दूध यहाँ शुद्ध मिलता है।
(3) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
(4) यहाँ शुद्ध गाय का शुद्ध दूध मिलता है। (3)

**157. कौन्तेय शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है-**
(1) कान + ईय (2) कुन्ती + एय
(3) कुन्त + एय (4) कुन्ति + एय (2)

**158. नीलकमल शब्द में समास है-**
(1) बहुव्रीहि (2) कर्मधारय
(3) द्वन्द्व (4) अव्यीयभाव (2)

**159. झगड़ालु शब्द में प्रत्यय जुड़ा है-**
(1) आलू (2) आलु (3) लू (4) लु (2)

**160. किस शब्द में नञ् तत्पुरूष समास नहीं है?**
(1) अनभिज्ञ (2) अकाज
(3) अमिट (4) सिरदर्द (4)

**161. द्विगु समास का उदाहरण नहीं है-**
(1) पञ्चवटी (2) त्रिलोकी
(3) सप्ताह (4) दो–तीन (4)

**162. मन्त्रीमण्डल शब्द का शुद्ध रूप है-**
(1) मन्त्रमण्डल (2) मन्त्रिमण्डल
(3) मन्त्रीमण्डल (4) मन्त्रामण्डल (2)

**163. आजानुबाहु शब्द में समास है-**
(1) अव्ययीभाव (2) कर्मधारय
(3) द्वन्द्व (4) द्विगु (1)

**164. मुँहफटा का शुद्ध रूप है-**
(1) मुहफटा (2) मुहफट
(3) मुँहफट (4) मुँहन्फ़ट (3)

**165. भीमकाय में कौनसा समास है**
(1) अव्ययीभाव समास (2) तत्पुरूष समास
(3) कर्मधारय समास (4) बहुब्रीहि समास (3)

**166. 'आज' का तत्सम शब्द है-**
(1) अद्य (2) अज (3) अद्या (4) आद्य (1)

**167. चर्म शब्द का तद्भव शब्द है-**
(1) चमड़ा (2) चाम (3) चरम (4) चमड़ी (2)

**168. भारतेन्दु = भारत + इन्दु में कौनसी संधि है-**
(1) गुण संधि (2) दीर्घ संधि
(3) वृद्धि संधि (4) यण संधि (1)

**169. 'अहिल्या' शब्द का शुद्ध रूप है-**
(1) अहल्या (2) मनोआ
(3) अहिलिया (4) इहल्या (1)

**170. अंधकार के पर्यायवाची शब्द है-**
(1) तम (2) अंधेरा
(3) अंधियारा (4) उपरोक्त सभी (4)

**171. लेन-देन में समास है-**
(1) द्वन्द्व (2) तत्पुरूष
(3) बहुब्रीही (4) द्विगु (1)

**172. 'अवांछित संवाद' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-**
(1) सिर खपाना (2) सिर नीचा होना
(3) सिर खाना (4) सिर पड़ना (3)

**173. किस क्रम में अशुद्ध वाक्य है?**
(1) कंस की हत्या कृष्ण ने की थी।
(2) उन्नति के मार्ग में बाधाएं भी आती है।
(3) मैंने इस काम में बड़ी भूल की।
(4) प्रेम करना तलवार की धार पर चलना है। (1)

**174. शुद्ध वाक्य का क्रमांक बताइए-**
(1) भुला देनी चाहिए बीता बातें।
(2) बीती बातें भुला देनी चाहिए।
(3) बीती बातें भुला देना चाहिए।
(4) बीती बातें भुला देने चाहिए। (2)

**175. किस क्रमांक में सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(1) अत्यधिक, अनधिकार
(2) आधीन, चहिये
(3) आशिर्वाद, दिवाली (4) पुज्य, ऐनक (1)

**176. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?**
(1) मोहन हँसता है।
(2) पुलिस ने चोर को पकड़ लिया।
(3) सुधीर कार चलाता है।
(4) रामू को दवा पिलाओ। (1)

**177. उपरोक्त का शुद्ध रूप है-**
(1) उपरिउक्त (2) उपर्युक्त
(3) ऊपर्युक्त (4) अपरोक्त (2)

**178. जिसके बराबर दूसरा न हो, उसे कहते हैं-**
(1) अद्वितीय (2) शाश्वत
(3) अलौकिक (4) अभिन्न (1)

**179. निम्न में शुद्ध रूप है-**
(1) अत्याधिक (2) अत्यधिक
(3) अत्यधीक (4) अधीक (2)

**180. जीवन शब्द का अर्थ नहीं है-**
(1) प्राण (2) जल (3) पुत्र (4) जलज (3)

**181. चरण का पर्याय नहीं है-**
(1) कमल (2) पैर (3) पद (4) पाद (1)

**182. आविर्भाव का विलोम शब्द है-**
(1) विभाव (2) अनुभाव
(3) तिरोभाव (4) प्राकट्य (3)

**183. दुरावस्था का शुद्ध रूप है-**
(1) दुरवास्था (2) दुरवस्था
(3) दुः अवस्था (4) दुः रवावस्था (2)

**184. ऊँट का पर्याय नहीं है-**
(1) लम्बकर्ण (2) लम्बोष्ठ
(3) कमेलक (4) महाग्रीव (1)



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

185. **अनावृष्टि का विलोम शब्द है-**
(1) अवृष्टि (2) अल्पवृष्टि
(3) अतिवृष्टि (4) अत्यल्पवृष्टि **(3)**

186. **यह वाक्य शुद्ध है-**
(1) जिसका आधार लिया है, उसे चुकाना है।
(2) जिसको उधार लिया है, उसका चुकाना है।
(3) जिससे उधार लिया है, उसे चुकाना है।
(4) जिसका उधार लिया है, उसको चुकाना है। **(3)**

187. **'पाण्डुलिपी' का अर्थ है-**
(1) हस्तलिखित पत्र (2) मुद्रित पुस्तक
(3) पीतवर्णी कलम
(4) पुस्तक की हाथ से लिखित प्रति **(4)**

188. **सब को समानभाव से देखने वाले को कहते हैं-**
(1) सर्वदर्शी (2) सर्वज्ञ
(3) समदर्शी (4) सूक्ष्मदर्शी **(3)**

189. **जल पीने की इच्छा रखने वाले को कहते हैं-**
(1) पिपठिषु (2) पिपासु
(3) जिज्ञासु (4) रिरंसु **(2)**

190. **जो सहनशील न हो उसे क्या कहते हैं?**
(1) असहिष्णु (2) अनाड़ी
(3) अज्ञ (4) सहिष्णु **(1)**

191. **अटका बनिया देय उधार- इस लोकोक्ति का अर्थ है-**
(1) अठन्नी के लालच में बनिया उधार देता है।
(2) स्वार्थी और मजबूर व्यक्ति अनचाहा कार्य भी करता है।
(3) काम अटकने पर उधार देना चाहिए।
(4) बनिया उधार देते-देते अटक जाता है। **(2)**

192. **कान में तेल डालना- इस मुहावरे का अर्थ है-**
(1) कान में दर्द होने पर तेल डालना चाहिए।
(2) तेल डालने से कान ठीक रहता है।
(3) किसी की बात पर ध्यान नहीं देना।
(4) कम सुनाई देने पर कान में तेल डालना चाहिए। **(3)**

193. **किस क्रमांक में 'सूत-सुत' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-**
(1) सारथी–पुत्र (2) साथी–धागा
(3) धागा–घोड़ा (4) पुत्र–सूई **(1)**

194. **अहमदाबाद में कपड़ा, लोहा के उद्योग हैं- इसका शुद्ध रूप होगा-**
(1) अहमदाबाद में कपड़े, लोहा का उद्योग है।
(2) अहमदाबाद में कपड़ा, लोहे के उद्योग हैं।
(3) अहमदाबाद में कपड़े, लोहे के उद्योग हैं।
(4) अहमदाबाद में कपड़े और लोहे के उद्योग हैं। **(4)**

195. **किस क्रमांक में 'भीति-भित्ति' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-**
(1) डर–दीवार (2) आकाश–भय
(3) डर–नौकर (4) धरती–भय **(1)**

196. **नाक का बाल होना- इस मुहावरे का अर्थ है-**
(1) किसी का प्रिय व्यक्ति होना
(2) किसी का प्रिय न होना
(3) किसी के प्रपञ्च में नहीं पड़ना
(4) किसी को भी नहीं खटकना **(1)**

197. **'ग' का उच्चारण स्थान है-**
(1) तालु (2) मूर्धा
(3) कण्ठ (4) ओष्ठ **(3)**

198. **'न' का उच्चारण स्थान है-**
(1) कण्ठ और नासिका (2) तालु और नासिका
(3) नासिका (4) दन्त और नासिका **(3)**

199. **ऊष्म वर्ण हैं-**
(1) य, र, ल, व (2) श, ष, स, ह
(3) ज, ब, ग, ड (4) च, ट, त, म **(2)**

200. **महाप्राण वर्ण हैं-**
(1) वर्ग के प्रथम और तृतीय वर्ण
(2) वर्ग के पञ्चम वर्ण
(3) वर्ग के द्वितीय चतुर्थ और श, ष, स, ह
(4) य, व, र, ल **(3)**

❑❑❑

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न
राजस्थान GK
PDF DOWNLOAD
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

भारत GK

◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स

सम्पूर्ण PDF

Click Here डाउनलोड

सामान्य ज्ञान

5100+ प्रश्न

RAJASTHAN CET

सामान्य हिन्दी

Download Now